राजकीय महाविद्यालय में हुआ एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन

बलिदानी मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. अनिल कुमार यादव ■ सौ. कालेज

संवाद सहयोगी, नांगल चौधरी: बलिदानी मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिन विद्यार्थियों को फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. अनिल कुमार यादव ने की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि रैगिंग एक असहनीय बीमारी है। महाविद्यालय में रैगिंग करना और सहना दोनों अपराध है। विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी समस्याओं से सामना करना पड़े तो उनको पहले अपने कक्षा अध्यापक से अपनी समस्या से अवगत करवाना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थी को इस प्रकार की समस्या अपने परिवार को भी बतानी चाहिए। हमने महाविद्यालय को एंटी रैगिंग फ्री कैंपस बना रखा है। इस सप्ताह के दौरान महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में धीरज बीएससी द्वितीय वर्ष प्रथम, चिराग बीएससी द्वितीय वर्ष दूसरे व हेमंत बीएससी तृतीय वर्ष, तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह पोस्टर मेकिंग में अंकित बीए तृतीय वर्ष पहले स्थान पर व भूपेंद्र बीएससी प्रथम वर्ष दूसरे तथा अमित बीएससी प्रथम वर्ष तीसरे स्थान पर रहा।

RAGGING
FREE
CAMPUS